




# मालवा फर्स्ट
MALWA FIRST

स्वाभिमान ही हमारा अभिमान है

Periodicity- Weekly

RNI NO. MPHIN38290 (TC)

संपादक : ऐश्वर्य शर्मा

नीमच, बुधवार
10 मई 2023

वर्ष - 01, अंक - 08 - मूल्य 02 रूपए

E-mail: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664866


# शादी के दो दिन में ही दुल्हन ने दिया धोखा, नकदी और जेवर लेकर ससुराल से फरार




**दमोह/मडियादो।** जिले के रजपुरा थाना क्षेत्र में एक दुल्हन शादी के दो दिन बाद ही ससुराल से गायब हो गई। साथ ही अपने साथ शादी में मिले जेवल और नकदी भी ले गई। यह आरोप पीड़ित पति ने लगाए हैं। उसके अनुसार उसकी पत्नी अज्ञात युवक के साथ भाग गई और अपने साथ शादी में मिले जेवर और नकदी भी लेकर चली गई है। पीड़ित पति द्वारा रजपुरा थाना में पत्नी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार मडियादो थाना क्षेत्र के घोघरा गांव की लड़की का विवाह रजपुरा थाना क्षेत्र के मनकपुरा निवासी करन आदिवासी के साथ 3 मई को हुआ था। 4 मई को दुल्हन अपनी ससुराल पहुंची और 8 मई को दुल्हन की नंद की शादी थी। दुल्हन की ननद से विवाह रचाने बारात घोघरा गांव से पहुंची थी और इसी रात दुल्हन घर से लापता हो गई। पति द्वारा आसपास जानकारी ली, रिश्तेदारों और मायके में संपर्क किया गया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला।

**बजा बजाने के बहाने पहुंचा दुल्हन का प्रेमी:**

पीड़ित पति ने शक के आधार पर पुलिस को बताया कि दुल्हन अपने गांव के एक युवक के साथ भाग गई है जो दुल्हन की ननद के विवाह में बाजा बजाने के बहाने पहुंचा था। इस संबंध में थाना प्रभारी राजीव पुरोहित ने बताया कि पीड़ित की शादी तीन दिन पहले मडियादो थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी जिसकी पत्नी गुम हो गई है। गुमशुदगी का मामला दर्ज किया गया है। पति द्वारा अपनी पत्नी पर नकदी और जेवर ले जाने का आरोप लगाया गया है। जिसकी जांच की जा रही है।

**आग की तरह फैली घटना:**

शादी के दो दिन बाद ही दुल्हन द्वारा जेवर और नकदी लेकर गायब होने की खबर गांव में आग की तरह फैली और तरह-तरह की चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। गांव वाले भी पूर्व में हो चुकी लुटेरी दुल्हनों की घटनाओं का उदाहरण दे रहे हैं जिसम्में सोना चांदी लूटने के उद्देश्य से शादी कर दुल्हन के फरार हो जाने की चर्चाएं गर्म हैं।

# दमोह में पारा 42.5 डिग्री, तापमान, प्रदेश के 13 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री पार

**भोपाल।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे चक्रवाती तूफान मोचा के असर से हवाओं का रुख बदलने लगा है। मौसम धीरे-धीरे शुष्क होने से प्रदेश के अधिकतर जिलों में तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। इसी क्रम में मंगलवार को प्रदेश में सबसे अधिक 42.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दमोह में दर्ज किया गया। 13 जिलों में दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक तापमान में बढ़ोतरी होने का सिलसिला अभी जारी रहेगा, लेकिन अभी तीन-चार दिनों में लू चलने की संभावना नहीं है।

मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पर बना पश्चिमी विक्षोभ कमजोर पड़कर हिमाचल प्रदेश की तरफ बढ़ गया है। वर्तमान में वह द्रोणिका के रूप में है। हरियाणा पर हवा के ऊपरी भाग में बना चक्रवात भी कमजोर पड़ गया है।

बंगाल की खाड़ी में बना गहरा कम दबाव का क्षेत्र अब अवदाब के रूप में परिवर्तित हो गया है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ



मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि अवदाब के क्षेत्र के दो दिन में चक्रवाती तूफान मोचा में बदलने की संभावना है। अवदाब के क्षेत्र के असर से हवा का रुख बदलने लगा है।

इससे मध्य प्रदेश में नमी आने का सिलसिला कम होने से मौसम शुष्क होने लगा है। प्रदेश के आसपास के राज्यों राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात में भी गर्मी बढ़ने लगी है। हवा का रुख भी उत्तर-पश्चिमी हो गया है। गर्म हवाएं चलने के कारण प्रदेश में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होने लगी है। अभी तीन-चार दिनों तक तापमान में धीरे-धीरे और बढ़ोतरी होने की संभावना है।

# आवासहीन लोगो का दो दिवसीय धरना, पूर्व कैबिनेट मंत्री उतरे समर्थन में, धरने का हुआ समापन



**कुकड़ेश्वर।** मालवा फर्स्ट

प्रधानमन्त्री आवास की मांग व भूमि पट्टे की मांग के सन्दर्भ में कुकड़ेश्वर नगर के कुल 15 वार्डो से लगभग 65 ऐसे परिवारो के लोग नगर परिषद कुकड़ेश्वर के सामने 8 मई को सुबह 10 बजे से धरने पर बैठ गए। 8 मई को नगर के कई पार्षद धरना स्थल पर पहुंचे व धरनारत परिवार के समर्थन में बात रखी कि वाजिब मांग है नगर परिषद ने सम्बंधित विभाग व शासन प्रशासन को कई बार आपकी समस्याओ को लिखित रूप से अवगत करवाया जा चुका है। और पुन: स्मरण हेतु पत्र नगर परिषद द्वारा 8 मई को ही जिला प्रशासन को प्रेषित कर दिया है।

धरना प्रदर्शन 9 मई को भी जारी रहा। सुबह 11 बजे धरना स्थल पर मध्य प्रदेश के पूर्व केबिनेट मंत्री नरेंद्र नाहटा धरनारत परिवारो के समर्थन में पहुंचे। नरेंद्र नाहटा ने बताया की नगर परिषद से लेकर प्रदेश व केंद्र में बीजेपी की सरकार है। और गरीब परिवार आवास हिन् है तो फिर मध्य प्रदेश में विकास यात्रा किस बात की थी। नाहटा ने बताया कि अगर प्रदेश व देश में कांग्रेस की सरकार होती और में मनासा क्षेत्र का विधायक होता तो, इस वाजिब समस्या का हल त्वरित करवाता।

सांय 5.30 बजे नगर परिषद कुकड़ेश्वर अध्यक्ष उर्मिला महेंद्र पटवा धरना स्थल पर पहुंची और धरना देने वाले परिवार के प्रति सहानुभूति रखते हुए बात की, कि आपकी मांग वाजिब है। नगर परिषद द्वारा आपको आवास व भूमि पट्टे मिल सके इसके लिए नायब तहसीलदार, तहसीलदार, एसडीएम जिला कलेक्टर को कई बार लिखित पत्र दिए जा चुके है। वन्ही नगर परिषद कुकड़ेश्वर के सभी जिम्मेदार नीमच जिला कलेक्टर से प्रत्यक्ष रूप से मिले और इस समस्या से अवगत भी करवाया है। साथ ही सांसद, विधायक व भोपाल तक आपकी समस्या को रखा जा चूका है। मध्य प्रदेश शासन अतिशीघ्र आपकी इस समस्या का हल निकाले इसके लिए पुन: सभी को स्मरण पत्र प्रेषित कर व मुलाकात की जायेगी।

नपा अध्यक्ष उर्मिला महेंद्र पटवा के द्वारा दिए गए आश्वसन के पश्चात सभी धरनारत परिवारो ने अध्यक्ष व परिषद के किये गए प्रयासों पर आवासहीनो के प्रति संवेदना रखने पर धन्यवाद दिया व मांग पत्र प्रस्तुत करते हुए दो दिवसीय धरने का समापन किया।

# राष्ट्रसंत की निश्रा में दीक्षार्थी जसपाल, दीक्षार्थी चान्दना का दीक्षी महोत्सव

**नीमच।** मालवा फर्स्ट

आचार्य डॉ. शिवमुनि जी म.सा.के आज्ञाकारी संत मुनिराज प्रर्यतक विजयमुनिजी म.सा. के द्वारा दीक्षार्थी जसपाल एवं दीक्षार्थी चान्दना बहिन को दीक्षा दी जाएगी।

दीक्षा स्थल दलौदा में महावीर स्वास्थ्य केन्द्र के प्रांगण में जिसमें आज 10 मई को दीक्षार्थी का वरघोड़ा व वर्षीदान कार्यक्रम होगा एवं दीक्षार्थीयों का अभिनंदन समारोह आयोजित होगा। यही आखरी बार दीक्षार्थी रंग-बिरंगे कपड़े व दुल्हा-दुल्हन की तरह रत्न आभुषणों को धारण करेंगे। वही दिनांक 11 मई को प्रात: सारे वस्त्र आभुषणों का त्याग करेंगे।

दीक्षा स्थल पर समस्त श्री संघों के श्रावक श्राविकाओं से क्षमायाचना करेंगे व आशीर्वाद लेंगे। वही दीक्षा विधी प्रारंभ होगी। वही दीक्षा स्थल पर प्रयर्तक विजयमुनिजी म.सा. दीक्षार्थीयों से पुछेंगे की अभी भी आप चाहे तो अपने विचार बदल सकते है। उसके बाद दीक्षा स्थल पर उनकी अनुमति होने पर दीक्षा अंगोकार करायेंगे। जिसमें राष्ट्रसंत कमलमुनि कमलेश एवं कई साधु साध्वियों की निश्रा रहेगी।

श्रद्धालु ज्ञावक ज्ञाविकाएं इस दीक्षा महोत्सव में पधारकर दीक्षा में सहभागी बनकर भगवान आदिनाथ से होकर महावीर स्वामी के त्याग तप का गौरव बढ़ाने एवं संतो व साध्वियों के प्रवचन दर्शन एवं मांगलिक का लाभ ले। यह जानकारी जैन समाज के विमल कांठेड ने दी है।

# शासकीय भूमि एवं आम रास्तों से अतिक्रमण हटाया जाये-श्री जैन

**नीमच।** मालवा फर्स्ट



कलेक्टर कार्यालय नीमच में मंगलवार को कलेक्टर दिनेश जैन जनसुनवाई करते हुए-72 लोगों की समस्याएं सुनी और उनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस मौके पर एडीएम नेहा मीना एवं जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में हिंगोरिया की संजुबाई बैरागी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में आवास दिलवाने, पटेल चाल नीमच के ऋषभ वीरवाल ने खाते की भूमि पर जबरन कब्जा करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने, गिरदौडा के राजूलाल ने अवैध कब्जा हटवाने, मालाहेडा के नन्देलाल कीर ने कृषि भूमि का कब्जो दिलाने, नीमच सिटी के नाहरसिंह राठौर ने आवंटित प्लाट की निर्माण अनुमति दिलाने, चौकानखेडा के किशनलाल अहीर ने डीबीटी की समस्याा का निराकरण करवाने, नीमच की गरिमा भटट ने रास्ताभ खुलवाने, जीरन के देवीलाल भील ने भूमि का कब्जा दिलवाने, जन्नौ द के जसपाल ने बीपीएल राशनकार्ड दिलवाने एवं कनावटी की मोहनीबाई धनगर ने पुत्र को धमकी देने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

इस तरह ग्वालटोली नीमच की शुभम रियार, भरभडिया के वासुदेव पाटीदार, नीमच की हकरीबाई डामोर, नीमच सिटी के रविन्द्रसिंह पंवार, कमलेश, अखेपुर के रूपंचद मीणा, मुण्डला की किरणकुवंर, कोठडी इस्तमुरार के मोहन पंवार, बघाना की सिमरनखॉन, छोटीबाई, सुनीताबाई, अमावली महल के मेघसिंह राजपूत, सिंगोली जसवंतपुरा के भरतकुमार बारेड, डीकेन के बैजनाथ पाटीदार, चीताखेडा की दाखीबाई, धोंगवा के गोपाल, जावद के रमेश डीकेन के ओमप्रकाश महेश्वीरी, जेतपुरा के घनश्याम, एवं सुरजना के रामसुख आदि ने भी अपना आवेदन जनसुनवाई में प्रस्तुत कर अपनी समस्याएं सुनाई।

## *मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत अब 16 मई से आयोजित होंगे शिविर*

**नीमच।** मालवा फर्स्ट

*मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत प्राप्त नवीन निर्देशानुसार अब जिले में जनसेवा शिविरों का आयोजन 10 मई के स्थांन पर 16 मई से किया जावेगा। जबकि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान की अवधि अब 10 मई से 25 मई की बजाय 10 मई से 31 मई तक रहेगी।*

## *जिला मजिस्ट्रेट ने दिया बालकिशन को थाना हाजरी का आदेश*

**नीमच।** मालवा फर्स्ट

*मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा पांच के तहत कलेक्टंर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिनेश जैन ने पुलिस थाना सिंगोली क्षेत्र के गांव लाडपुरा निवासी अनावेदक 36 वर्षीय बालकिशन पिता रामचंद्र धाकड़ को सदाचार बनाये रखने के लिए आगामी 6 माह तक सप्ताह में एक दिन (थाना प्रभारी व्दारा निश्चित किए गए दिन) संबंधित पुलिस थाने में उपस्थिति दर्ज कराने का आदेश पारित किया गया है।*

*मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत नवाचार*

## कॉलेज और स्कूलों के माध्यम से बालिकाओं के नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनेगें

**नीमच।** मालवा फर्स्ट

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत कलेक्टर दिनेश जैन के मार्गदर्शन में नीमच जिले में नवाचार किए जा रहे हैं। इन नवाचारों के तहत नीमच जिले में सभी बालिकाओं के कॉलेज और स्कूलों के माध्यम से विशेष शिविर आयोजित कर नि:शुल्क ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जायेगें। इस अभियान के तहत शेष रहे शतप्रतिशत हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जा रहे हैं। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य मंत्री जनसेवा अभियान के तहत सभी लाडली लक्ष्मी बेटियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, हीमोग्लोबिन की जांच भी करवाई जाएगी। जिले में राजस्व विभाग द्वारा खातेदारों के राजस्व अभिलेख मे नाबालिग के रूप में दर्ज नाम को बालिग के रूप में दर्ज करने का कार्य भी किया जा रहा है।






### मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के द्वितीय चरण का आज 10 मई से आयोजन

# नीमच जिले में अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने जिला अधिकारियों को दिए निर्देश

### ब्लॉक व पंचायतों में कलस्टर स्तर पर आयोजित होंगे जनसेवा शिविर



**नीमच।** मालवा फर्स्ट

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान का द्वितीय चरण आज 10 से 31 मई तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान चिन्हांकित 67 सेवाएं प्रदान करने के लिए 16 से 25 मई तक हर ग्राम, हर शहरी वार्ड में विशेष शिविर आयोजित किये जायेगें।

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण की तैयारियों की मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर दिनेश जैन ने विस्तार से समीक्षा की। बैठक में एडीएम नेहा मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री गुरुप्रसाद सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। इस अभियान को शतप्रतिशत सफल बनाने एवं योजनाओं का लाभ वास्तविक रूप से पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री जैन ने सभी संबंधित जिला अधिकारियों को समुचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होनने कहा कि अभियान को पूरी गंभीरता से ले, और योजनाओं की जानकारी आमजन को सरल भाषा में ग्रामीणों को समझाएं एवं उसका लाभ उठाने के लिए आसान तरीके बताएं। अभियान में राजस्व, सामान्य प्रशासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, ऊर्जा, आदिम जाति कल्याण, उच्च शिक्षा, मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, सहकारिता, तकनिकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार, उद्यानिकी एवं परिवहन विभाग की चिन्हांकित सेवाओं के प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण प्रतिदिन सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए है।

अभियान के दो प्रमुख घटक होंगे- पहला ऐसे सभी विभागों में, जो नागरिक सेवाओं से संबंधित हैं, उनमें राजस्व विभाग, नगरीय विकास एवं आवास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा ऊर्जा विभाग में लंबित आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण, तथा दूसरा सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों का निराकरण किया जावेगा। पहले घटक के अंतर्गत प्रत्येक जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में नागरिक सेवाओं से संबंधित लंबित सभी आवेदनों के निराकरण का अभियान चलाया जायेगा। कलेक्टर ने निर्देश दिए है कि यह सुनिश्चित किया जाये,कि कोई भी आवेदन बिना वैध कारण के कार्यालय में लंबित न रहे।

मुख्ययमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे घटक के अंतर्गत अभियान में सीएम हेल्पलाईन में 15 अप्रैल तक दर्ज एवं लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत 10 से 31 मई तक जिला एवं ब्लारक स्तुर एवं कलस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाए। ग्राम स्तरीय दल ग्राम पंचायतों में उपलब्धा रहकर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों को पंजीबद्ध कर उनका निराकरण करेंगे तथा डेटा एंट्री पोर्टल पर करेंगे। जिला व ब्लॉरक स्तार के अधिकारी ब्लॉक स्तरीय शिविरों में भी उपस्थित रहकर प्राप्त आवेदनों का निराकरण करेंगे। इसके अलावा सभी कार्यालयों में भी प्राप्तव होने वाले आवेदनों का शतप्रतिशत निराकरण किया जावेगा।

सफलता की कहानियों का प्रचार प्रसार करे - बैठक में कलेक्टर दिनेश जैन ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत आवेदनों, जनसमस्याओं के निराकरण एवं लाभार्थियों की सफलता पर आधारित सफलता की कहानियां मय फोटो के पीआरओ को उपलब्ध्ण करवाए। जिससे कि व्याफपक प्रचार प्रसार सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार, विभिन्न 67 सेवाओं में शतप्रतिशत सेचुरेशन सुनिश्चित करने के लिए विभागों व्दारा की जा रही तैयारियों की भी विस्तार से समीक्षा की और संबंधित जिला अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। बैठक में सभी ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत 15 विभागों की 67 सेवाओं का पोस्टसर भी प्रदर्शित करने तथा शहरी क्षेत्र के वार्डो में भी उक्त पोस्टर लगवाने के निर्देश दिए।

Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 8770664886

# संपादकीय

## ममता का मनमाना फैसला, क्या यह सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का निरादर नहीं?

ममता बनर्जी ने द केरल स्टोरी को अपने राज्य में प्रतिबंधित करने का फैसला करते हुए कहा कि यह एक विकृत कहानी है और इसे केरल को बदनाम करने के लिए बनाया गया है। पहली बात तो यही उठती है कि क्या उन्होंने फिल्म देखी है?

बहुचर्चित फिल्म द केरल स्टोरी पर पाबंदी लगाकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वही काम किया, जो इस फिल्म का विरोध करने वालों ने हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट जाकर करने की कोशिश की थी। वे तो बुरी तरह नाकाम रहे, लेकिन बंगाल में ममता ने उनका काम कर दिया। उनका फैसला वोट बैंक की सस्ती राजनीति से प्रेरित है। उन्होंने इस फिल्म को प्रतिबंधित कर कट्टरपंथियों को खुश करने का ही काम किया है, लेकिन यह मनमाना फैसला है। यही कारण है कि फिल्म के निर्माता ने अदालत जाने की बात कही है। पता नहीं अदालत से उन्हें राहत मिलती है या नहीं, लेकिन इससे बड़ी विडंबना और कोई नहीं कि जब कुछ राज्यों में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की जा रही है और मध्य प्रदेश में तो कर भी दी गई है, तब बंगाल में उसे प्रतिबंधित कर दिया गया। कोई फिल्म कैसी भी हो, यदि वह सेंसर बोर्ड से स्वीकृत है और उस पर उठाई गई आपत्तियों को उच्च न्यायालयों के साथ सर्वोच्च न्यायालय ने भी खारिज कर दिया हो, तो उसे प्रतिबंधित करना एक तरह की मनमानी ही है।

ममता बनर्जी ने द केरल स्टोरी को अपने राज्य में प्रतिबंधित करने का फैसला करते हुए कहा कि यह एक विकृत कहानी है और इसे केरल को बदनाम करने के लिए बनाया गया है। पहली बात तो यही उठती है कि क्या उन्होंने फिल्म देखी है? प्रश्न यह भी है कि क्या वह सुप्रीम कोर्ट से भी ऊपर हैं? क्या उनका फैसला सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का निरादर नहीं? जहां तक उनकी यह बात है कि इस फिल्म को केरल को बदनाम करने के लिए बनाया गया है तो वहां की सरकार ने तो उसे प्रतिबंधित नहीं किया। क्या उन्हें केरल के हितों की चिंता वहां की सरकार से भी अधिक है? स्पष्ट है कि उन्होंने इसकी जानबूझकर अनदेखी की कि केरल हाई कोर्ट ने कहा है कि यह फिल्म अगर किसी को खलनायक रूप में दिखाती है तो बर्बर आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट को और फिल्म से किसी को आपत्ति हो सकती है तो इसी संगठन को। ममता सरकार के फैसले से तो इस खूंखार आतंकी संगठन से हमदर्दी रखने वालों का ही दुस्साहस बढ़ेगा। इसी के साथ उनका भी दुस्साहस बढ़ेगा, जो छल-कपट से मतांतरण कराने का काम कर रहे हैं। द केरल स्टोरी में ऐसे तत्वों को भी उजागर किया गया है। ममता कुछ भी कहें, यह एक हकीकत है कि देश में ऐसे तत्व सक्रिय हैं, जो छल-कपट से मतांतरण कराने में लगे हुए हैं। कोई फिल्म कैसी है, यह तय करना सरकारों का काम नहीं है। सरकारें सेंसर बोर्ड का काम अपने हाथ में नहीं ले सकतीं। भले ही ममता के फैसले के कारण बंगाल के लोग द केरल स्टोरी देखने से वंचित रहें, लेकिन अन्यत्र उसके प्रति आकर्षण बढ़ना तय है।

## क्या होती है Thalassemia की बीमारी? सही समय पर इलाज न मिलने के कारण जा सकती है जान !



शरीर में खून की कमी भी कई तरह की बीमारियों को न्यौता देती हैं। खासकर थैलेसीमिया रक्त का एक ऐसा गंभीर रोग है जिसका समय पर इलाज न मिलने के कारण व्यक्ति की जान भी जा सकती है। ऐसे में इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल 8 मई को पूरी दुनिया में वर्ल्ड थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन इस रोग के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए एक अभियान भी चलाता है। माना जाता है कि यदि इस बीमारी के अंतर्गत व्यक्ति को 3 से 6 महीने में रक्त न मिले तो उसकी जान भी जा सकती है।

तो चलिए आपको बताते हैं कि यह रोग आखिर क्या है और व्यक्ति को कैसे होता है...

जैनेटिक डिसऑर्डर से जुड़ी है ये बीमारी - थैलेसीमिया एक जैनेटिक डिसऑर्डर से जुड़ी बीमारी है। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में बहुत ही जल्दी फैलती है। इस बीमारी के कारण शरीर में हीमोग्लोबिन बनना ही बंद हो जाती है। हीमोग्लोबिन शरीर में रेड ब्लड सेल्स में प्रोटीन के रुप में शरीर में ऑक्सीजन सप्लाई करता है परंतु थैलेसीमिया के कारण व्यक्ति के शरीर में रेड ब्लड सेल्स खत्म होने लगते हैं जिसके कारण व्यक्ति एनिमिक हो जाता है।

कब चलता है बीमारी का पता?

अगर माता-पिता दोनों ही सिंगल जीन माइनर रहे हैं तो उन्हें यह बीमारी नहीं होती ऐसी स्थिति को बीटा थैलेसीमिया कहते हैं परंतु यदि दोनों के माइनर जीन बच्चों में आ जाएं तो ये बच्चे थैलेसीमिया के शिकार होने लगते हैं। इसके कारण बच्चों में रक्त बनना भी बंद हो जाता है। जब बच्चे 6 महीने के होते हैं तब उनके शरीर में यदि हीमोग्लोबिन न बन पाए तो उन्हें 3 से 6 महीने में ब्लड चढ़ाने की जरुरत होती है। यदि बच्चे को ब्लड न चढ़ पाए तो उनके बचने की संभावना भी बहुत ही कम हो जाती है। ऐसे में उन्हें नियमित ब्लड चढ़ाने की जरुरत भी पड़ती है।

क्यों होती है खून की कमी?

खून की कमी सिर्फ थैलेसीमिया नाम की बीमारी के कारण ही नहीं बल्कि किसी अन्य कारण भी खून कम बनता है। पोषक तत्वों की कमी, ब्लड लॉस होने पर खून की कमी होने लगती है। इसके अलावा महिलाओं में खून की कमी का सबसे मुख्य कारण पीरियड्स भी होते हैं। बच्चे पोषक तत्वों से भरपूर आहार नहीं खाते हैं जिसके कारण वह खून की कमी के शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा विटामिन-बी12, फोलिक एसिड भी ब्लड कम होने के मुख्य कारण होता है।

थैलेसीमिया के लक्षण -

इस बीमारी के होने पर व्यक्ति को सर्दी-जुकाम रहता है।

* इसके अलावा शरीर हर समय बीमार सा लगने लगता है।

* सांस लेने में तकलीफ होती है।

* शरीर में कमजोरी बनी रहती है ।

* दर्द बना रहता है।

* दांतों का बाहर निकलना

* उम्र के अनुसार शरीर का विकास न हो पाना

* शरीर का पीला पड़ जाना

* हर समय उदास रहना



## सोलो ट्रिप पर जाने वाली महिलाएं इन सेफ्टी टिप्स का रखें ध्यान

आजकल ज्यादातर महिलाएं सोलो ट्रिप करना पसंद करती हैं। सोलो ट्रिप करना कई बार काफी आसान हो जाता है। इस ट्रिप में आप अपने मन का कर सकती हैं। ऐसे में सोलो ट्रिप का क्रेज सभी को होता है। अगर आप भी सोलो ट्रिप करती हैं तो आपको कुछ बेसिक सेफ्टी टिप्स के बारे में पता होना चाहिए।

आज के इस आर्टिकल में हम आपको बताएंगे कि कैसे आप सोलो ट्रिप पर अपनी सेफ्टी का ख्याल रख सकती हैं।

डेस्टिनेशन के बारे में पता कर लें- अगर आप कोई नई जगह जा रही हैं तो वहां जाने से पहले उस जगह के बारे में अच्छे से पता कर लें। अगर आपका कोई साथी वहां गया है तो उससे भी थोड़ी जानकारी इकट्ठा कर लें। रुकने कहां है और कैसे आपको यात्रा करना है इसके बारे में जानकारी इकट्ठा कर लें।

लोकेशन परिवार के साथ करें शेयर- अगर आप सोलो ट्रेवल कर रही हैं तो अपना लोकेशन आपको अपने परिवार वालों के साथ जरूर शेयर करना चाहिए। इसके साथ इस बात का खास ख्याल रखे कि- यूं तो किसी अनजान से दोस्ती करना कोई गलत नहीं हैं लेकिन उस पर ज्यादा विश्वास करना सही भी नहीं हैं। वरना आप मुसीबत में आ सकती हैं। सोलो ट्रिप में इन चीजों का ख्याल रखना जरूरी हैं।

अलग दिखने से बचे- कहते है ना जैसा देश वैसा भेष। वैसे ही अगर आप कोई नई जगह जा रही हैं तो आपको अलग दिखने से बचना चाहिए।

अगर आप ऐसा करती हैं तो आपको कोई भी बेवकूफ बना सकता है। इस बात का खास ख्याल रखें। लोगों की बात मानने से पहले आपको खुद ऑनलाइन रिसर्च करना चाहिए।

अगर आप भी सोलो ट्रेवल करती हैं तो आपको हमारे और से बताई टिप्स को फॉलो करना चाहिए।

## 40 की उम्र के बाद हर महिला को लेने चाहिए ये 5 जरूरी न्यूट्रिएंट्स, रहेंगी हेल्दी और फिट



अक्सर महिलाएं अपने घर-परिवार और ऑफिस की जिम्मेदारियों में इतनी व्यस्त हो जाती हैं कि खुद का ख्याल नहीं रख पाती हैं। 40 साल की उम्र के बाद महिलाओं के शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं। इनमें हार्मोनल बदलाव, मेनोपॉज, कैल्शियम की कमी होना, वजन बढ़ना आदि शामिल हैं। बढ़ती उम्र में शरीर में पोषक तत्वों की कमी से डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, हृदय रोग और कुछ प्रकार के कैंसर का खतरा भी बढ़ जाता है। इन सभी समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं को संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए। इसके लिए आपको अपनी डाइट में कुछ खास विटामिन्स और मिनरल्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

आइए, जानते हैं 40 के बाद महिलाओं को सबसे ज्यादा किन न्यूट्रिएंट्स की जरूरत होती है -

40 की उम्र के बाद महिलाओं के लिए जरूरी हैं ये 5 न्यूट्रिएंट्स

प्रोटीन- 40 की उम्र के बाद महिलाओं में मेनोपॉज के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। इस दौरान महिलाओं के शरीर में फैट बढ़ जाता है और मांसपेशियां पतली होने लगती हैं। प्रोटीन मांसपेशियों को नुकसान से बचाने में मदद करता है। स्वस्थ रहने के लिए महिलाओं को अपनी डाइट में प्रोटीन जरूर शामिल करना चाहिए। इसके लिए आप अंडा, सोयाबीन, पनीर, चीज़, मशरूम आदि का सेवन करें।

विटामिन बी- 40 से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए विटामिन बी बहुत जरूरी न्यूट्रिएंट है। यह भोजन से ऊर्जा प्राप्त करने में मदद करता है। साथ ही, रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में भी सहायक है। इसके लिए आप टूना मछली, दूध और डेयरी प्रोडक्ट्स, फोर्टीफाइड अनाज और चीज़ को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

कैल्शियम- उम्र बढ़ने के साथ ही महिलाओं में कैल्शियम की कमी होना एक आम समस्या है। 40 साल की उम्र के बाद महिलाओं की बोन डेंसिटी कम होने लगती है। इसके कारण जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में अकड़न और दांतों में दर्द जैसी कई परेशानियां होने लगती है। साथ ही, अर्थराइटिस और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। इन सभी समस्याओं से बचने के लिए महिलाओं को अपनी डाइट में कैल्शियम युक्त फूड्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

विटामिन डी- शरीर को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन डी बहुत जरूरी होता है। यह कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। विटामिन डी की कमी से डायबिटीज और दिल की बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। इसलिए 40 के बाद महिलाओं को विटामिन डी जरूर लेना चाहिए। इसके लिए आप रोजाना कुछ देर धूप में जरूर बैठें। साथ ही, मशरूम, सोयाबीन, अंडे, दूध और सोयाबीन का सेवन करें।

आयरन-

अधिकतर महिलाओं में आयरन की कमी देखी जाती है। शरीर में आयरन की कमी के कारण रेड ब्लड सेल्स का निर्माण नहीं हो पाता है। इसकी वजह से महिलाओं को एनीमिया जैसी बीमारी का सामना करना पड़ता है। इसलिए महिलाओं को अपनी डाइट में आयरन युक्त फूड्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

## गर्मियों में मेकअप को मेल्ट होने से बचाने के लिए अपनाएं ये टिप्स




गर्मियां आते पसीने और प्रदूषण की वजह से चेहरे पर दाने, मुंहासे, झाइयां व टैनिंग की समस्या होने लगती है। लेकिन इसके साथ ही मेकअप को चेहरे से मेल्ट होने से बचाना भी एक बड़ा टास्क होता है। मेकअप मेल्ट होने की वजह से गर्मियों में कई महिलाएं दोपहर में बाहर जाने से कतराती हैं। धूप व पसीने की वजह से मेकअप पैचेस में बदल जाता है। गर्मियों में पसीना आना एक स्वभाविक प्रक्रिया है, जिसको रोका नहीं जा सकता है। लेकिन यदि आप मेकअप करते हुए कुछ आसान टिप्स को फॉलो करें, तो इससे मेकअप को मेल्ट होन से बचाया जा सकता है। इस लेख में आपको गर्मियों में मेकअप मेल्ट होने की समस्या से बचने के लिए कुछ उपयोगी टिप्स बताए गए हैं।

आगे जानते हैं इन टिप्स के बार में विस्तार से। **गर्मियों में मेकअप को मेल्ट होने से बचाने के लिए अपनाएं ये उपाय -**

स्किन को मॉइश्चराइजर करना न भूलें - गर्मियों में अधिकतर लोग त्वचा को मॉइस्चर नहीं करते हैं। ऐसे में फेस पर पसीना अधिक आने लगता है, जबकि वजह से मेकअप के मेल्ट होने की समस्या बढ़ सकती हैं। इसलिए जब आप मेकअप नहीं लगाते हैं तो त्वचा को मॉइस्चर अवश्य करें।

सही प्राइमर का करें उपयोग - यदि आप चाहती हैं कि गर्मियों में आपका मेकअप खराब न हो तो इसके लिए आप सही प्राइमरी का उपयोग करें। एक अच्छा प्राइमर आपके चेहरे के मेकअप के ऑयल को बैलेंस करने का काम करता है। इस समय आप ऑयली स्किन के लिए बनाए गए प्राइमर को यूज कर सकते हैं।

हल्के फाउंडेशन का इस्तेमाल करें- गर्मियों में हल्के फाउंडेशन का उपयोग करना सही माना जाता है। यदि आप हेवी फाउंडेशन का उपयोग करती हैं, तो इससे त्वचा की ऑक्सीजन लॉक हो जाती है। जिसकी वजह से पोर्स से पसीना अधिक आने लगता है और मेकअप मेल्ट होने की संभावना बढ़ जाती है।

मेकअप को पाउडर से सेट करें- गर्मियों के मौसम में मेकअप को पाउडर से सेट करना बहुत जरूरी है। अपने फाउंडेशन और कंसीलर को सेट करने के लिए आप बाजार में आने वाले ट्रांसलूसेंट पाउडर का उपयोग कर सकती हैं।

**वाटरप्रूफ मेकअप प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें**- अगर आप गर्मियों में मेकअप का यूज करती हैं, तो ऐसे में वाटर प्रूफ प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। बाजार में मेकअप किट में शामिल होने वाले अधिकतर प्रोडक्ट वाटरप्रूफ उपलब्ध होते हैं। ये प्रोडक्ट मेकअप को मेल्ट होने से बचाते हैं। गर्मियों में मेकअप को सही बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। लेकिन ये मुश्किल टास्क नहीं है। सही तरह के उपायों को अपनाकर आप मेकअप को मेल्ट होने से बचा सकती हैं। फेस पर यूज करने वाले प्रोडक्ट के साथ किसी तरह का समझौता न करें और बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद को ही खरीदें।

## मसालेदार भिंडी



सामग्री- तेल -2 बड़े चम्मच, भिंडी - 200 ग्राम, प्याज-2, टमाटर-2, जीरा -1 छोटा चम्मच, धनिया - 1 छोटा चम्मच, हल्दी -1/2 छोटा चम्मच, लाल मिर्च -1/2 छोटा चम्मच, गरम मसाला-1/2, नमक - स्वाद अनुसार

विधि- सबसे पहले एक पैन में तेल को गर्म कर जीरा डालें। फिर कटे हुए प्याज डालें और उसे सुनहरा भूरा होने तक भूनें। इस मिश्रण में टमाटर डालें और नरम होने तक चलाते रहे। इसके बाद फिर हल्दी, लाल मिर्च, धनिया पावडर और नमक डालकर एक मिनट तक अच्छे से पकाएं। अब कटी हुई भिंडी डालें और अच्छी तरह मिलाएं।

पैन को ढक दें। इसे धीमी आंच पर लगभग 15-20 मिनट तक पकाएं, बीच-बीच में हिलाते रहें, जब तक कि भिंडी पककर नरम न हो जाए।

अब पकी हुई भिंडी के ऊपर गरम मसाला पाउडर छिड़कें और अच्छी तरह मिलाएं। अब आप इसे रोटी के साथ परोसें।

## मंत्र जाप करते समय जरूर बरतें ये सावधानियां, पूरी होगी सभी मनोकामनाएं



सनातन धर्म में ईश्वर प्राप्ति के लिए भक्ति मार्ग का विधान है। आसान शब्दों में कहें तो कलयुग में ईश्वर प्राप्ति का सरल मार्ग भक्ति है। भक्ति कर व्यक्ति ईश्वर को प्राप्त कर सकता है। सनातन शास्त्रों में निहित है कि व्यक्ति द्वारा पूजा, जप, तप करने से ईश्वर प्रसन्न होते हैं। इससे व्यक्ति की सभी मनोकामनाएं यथाशीघ्र पूर्ण होती हैं। इसके लिए साधक भक्ति कर अपने आराध्य को प्रसन्न करने की कोशिश करते हैं। इस दौरान साधक पूजा, जप और तप करते हैं। हालांकि, जप यानी मंत्र जाप करते समय कई बातों का ध्यान रखना चाहिए।

अनदेखी करने से मंत्र जाप का लाभ प्राप्त नहीं होता है। आइए, मंत्र जाप के नियम जान लेते हैं-

मंत्र जप के नियम

* सनातन शास्त्रों में निहित है कि सूर्योदय के समय मंत्र जप करना बेहद शुभ होता है। इससे व्यक्ति को सुख, सौभाग्य, यश और कीर्ति की प्राप्ति होती है।

* तंत्र-मंत्र जानकारों का कहना है कि किसी विशेष फल की प्राप्ति हेतु मंत्र जप दोपहर के समय करना चाहिए। वहीं, शांति कर्म के लिए संध्याकाल से पूर्व मंत्र जप करना चाहिए। जबकि, मारण कर्ण के लिए संध्याकाल का समय सही होता है।

* मंत्र जप करने से पहले संकल्प अवश्य लें। इसके पश्चात ही मंत्र जप करें। इससे सिद्धि प्राप्ति होती है। मंत्र जप के साथ पूजा भी अनिवार्य है। इसके लिए रोजाना ईश्वर की पूजा और आरती करें। इष्टदेव की पूजा के बाद ही मंत्र जप करें।

* मंत्र जप करते समय अपने मन और मस्तिष्क को एकाग्र रखें। मंत्र जाप के समय छींकना, पैर फैलाकर आसन ग्रहण करना, क्रोध करना और झपकी लेने की मनाही है। आसान शब्दों में कहें तो इन चीजों से परहेज करें। ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति नहीं होती है।

* ज्योतिषियों की मानें तो शंख माला से जप करने से सौ गुना फल मिलता है। इसी प्रकार मूंगे की माला, स्फटिक की माला, मोती की माला, कमल गट्टे की माला, कुशा मूल और रुद्राक्ष की माला (बढ़ते क्रम में) से जप करने पर अनन्त गुना फल मिलता है। वहीं, मंत्र जप के लिए गुरु पुष्य या रवि पुष्य नक्षत्र शुभ माने जाते हैं। जबकि, माघ, फाल्गुन, चैत्र, बैशाख, श्रावण और भाद्रपद महीने में मंत्र जप सिद्धिदायक होते हैं।

फोटो-1

## केले के पकौड़े



सामग्री- कच्चे केले- 4, बेसन- 1 बड़ी कटोरी, नमक- स्वादानुसार, मिर्च- स्वादानुसार, जीरा- 1 चम्मच, अमचूर पाउडर- 1 चम्मच, पानी- जरूरत अनुसार, तेल- पकोड़ो को तलने के लिए

विधि- केले को थोड़े मोटे टुकड़े में काट लें और बाउल में बेसन, मसाले डालकर मिला लें। जब बैटर तैयार हो जाए तो कटे हुए केले के टुकड़े बेसन के मिश्रण में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। एक कढ़ाही में तेल गर्म करें और केले के टुकड़े डालकर पका लें। दोनों तरफ से पकने के बाद एक प्लेट में पकौड़े निकालें और गरमा-गरम चटनी के साथ सर्व करें।

**सुविचार**

यदि आप एक बार गिरकर हार मान लेते हैं, तो आप अपने जीवन में कभी सफलता हासिल नहीं कर सकते !
(बाबा)

## सुबह वर्कआउट के बाद क्या खाएं और क्या नहीं?

फिट और हेल्दी रहने के लिए एक्सरसाइज या वर्कआउट करना बहुत जरूरी होता है। रेगुलर वर्कआउट करने से आप फिजिकली और मेंटली, दोनों तरीकों से हेल्दी रह सकते हैं। वर्कआउट करने से ब्लड सर्कुलेशन में सुधार होता है, जिससे आपका हृदय स्वास्थ्य बेहतर रहता है। वर्कआउट करने से लिवर, किडनी और आंतें भी बेहतर तरीके से कार्य करते हैं। लेकिन वर्कआउट करने के बाद आपको थकान और कमजोरी का अनुभव हो सकता है। ऐसे में वर्कआउट के बाद एनर्जी बढ़ाने के लिए आपको सही डाइट लेना बहुत जरूरी होता है। खासकर, अगर आप मॉर्निंग वर्कआउट करते हैं, तो इसके बाद आप क्या खा रहे हैं, इसका सेहत पर काफी असर पड़ता है।

तो आइए, विस्तार से जानते हैं मॉर्निंग वर्कआउट के बाद क्या खाना चाहिए और क्या नहीं

1. अंडे- अंडा प्रोटीन का एक बेहतरीन सोर्स होता है। इसलिए वर्कआउट के बाद आपको 1-2 अंडे जरूर खाने चाहिए। आप उबले हुए अंडे, आमलेट या फिर स्क्रैम्बल खा सकते हैं। रोजाना वर्कआउट के बाद अंडा खाने से आपको एनर्जी मिलेगी और आप हेल्दी रहेंगे। अंडा एक बेस्ट पोस्ट वर्कआउट फूड हो सकता है। अगर आप वर्कआउट के बाद रोजाना अंडा खाएंगे, तो मसल्स गेन होने में मदद मिलेगी।

2. ग्रीक कर्ड- मॉर्निंग वर्कआउट करने के बाद ग्रीक कर्ड खाना भी काफी फायदेमंद होता है। ग्रीक कर्ड खाने से आपकी मांसपेशियों और हड्डियों का विकास तेजी से होगा। ग्रीक कर्ड में एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं, जो आपको स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। ग्रीक कर्ड खाने से आपको पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन और कैल्शियम मिलेंगे।

3. दलिया-सुबह वर्कआउट करने के लिए आप दलिया भी खा सकते हैं। दलिया में कार्ब्स काफी अधिक होता है, जिससे आपको तुरंत एनर्जी मिलती है। वर्कआउट के बाद आप दूध वाला दलिया खा सकते हैं।

आप इसमें ड्राई फ्रूट्स भी मिला सकते हैं। इससे आपको काफी लाभ मिलेगा।

4. प्रोटीन शेक- मॉर्निंग वर्कआउट के बाद आपको प्रोटीन शेक जरूर पीना चाहिए। प्रोटीन शेक पीने से आप पूरे दिन एनर्जेटिक रह सकते हैं। प्रोटीन शेक पीने से मांसपेशियों को मजबूती मिलती हैं। इसके अलावा, आप चॉकलेट या मिल्क शेक भी पी सकते हैं। प्रोटीन शेक पीने से मसल्स डैमेज होने का जोखिम भी कम हो जाता है।

5. कार्ब्स जरूर लें- वर्कआउट के बाद कार्ब्स लेना बहुत जरूरी होता है। कैलोरी रिकवरी के लिए आपको वर्कआउट के 30 मिनट के अंदर कार्ब्स का सेवन कर लेना चाहिए। कार्ब्स लेने से मसल्स टिशू बनाने में मदद मिलती है। कार्ब्स के लिए आपको क्विनोओ, ओट्स, शकरकंद और केले का सेवन जरूर करना चाहिए।

वर्कआउट के बाद क्या नहीं खाना चाहिए?-

* वर्कआउट के बाद आपको एल्कोहल और कैफीन का सेवन करने से बचना चाहिए।

* वर्कआउट के बाद मिर्च और मसालेदार खाना खाने से परहेज करें।

* वर्कआट के बाद मैदा से बनी हुई चीजों को खाने से भी आपको बचना चाहिए।

* इतना ही नहीं, मिठाइंया और कैंडी आदि के सेवन से भी बचें।




## फनी झोन

### टीचर-स्टूडेंट

टीचर- तुम पढ़ाई पर ध्यान क्यों नहीं देते?

स्टूडेंट- क्योंकि पढ़ाई सिर्फ दो वजहों से की जाती है.

टीचर- अच्छा जनाब, कौन सी हैं वो दो वजहें, जरा बताओ तो?

स्टूडेंट- या तो डर से या शौक से, मैं बिना वजह कोई शौक रखता नहीं और डरता तो मैं किसी से भी नहीं.

### पत्नी पति से

पत्नी पति से- तुम तो कहते थे कि शादी के बाद भी मुझे खूब प्यार करोगे?

पति- सॉरी यार! मुझे क्या पता था कि तुम्हारी शादी मेरे साथ हो जाएगी!

## कविता

### सक्षम

काँटों भरी थी हर डगर
कठिनाइयाँ थी मार्ग पर
हारी नहीं थी मैं मगर
है तय किया हँसकर सफर
आगे को बस बढती हूँ मैं
अक्षम नहीं सक्षम हूँ मैं!
पैरों में थी मेरे बेडियाँ
ऊँचा शिखर और सीढियाँ
आशा के पर से उड चली
आखिर मुझे मंजिल मिली
आकाश में उडती हूँ मैं...
अक्षम नहीं सक्षम हूँ मैं!
माना मेरी धरती अलग
है भिन्न कुछ मेरा फलक
धीमी मेरी रफ्तार है
मंजिल मेरी उस पार है
इक पल नहीं थकती हूँ मैं
अक्षम नहीं सक्षम हूँ मैं
परिवार ने मुझे बल दिया
कठिनाई में सम्बल दिया
ईश्वर मेरा मेरे साथ है
किस्मत मेरी मेरे हाथ है
उत्साह से परिपूर्ण मैं
अक्षम नहीं सक्षम हूँ मैं।
एक ज्ञान का सागर मिला
मुझे वाणि का है वर मिला
साहित्य की सरिता बही
मेरे मन ने भी कविता कही
ऋग्वेद की ऋचा हूँ मैं
अक्षम नहीं सक्षम हूँ मैं
अक्षम नहीं सक्षम हूँ मैं।

**ऋचा दीपक कर्पे**

## गोवा में राष्ट्रीय रेफरी संगोष्ठी ( सेमिनार ) में भाग लेने के लिए मध्यप्रदेश स्काय एसोसिएशन से 20 प्रशिक्षक होंगे रवाना



मंदसौर ।
मालवा फर्स्ट

मप्र स्काय मार्शल आर्ट एसोसिएशन के सचिव प्रवीण सिंह कुशवाह ने जानकारी दी की भारतीय मार्शल आर्ट (स्काय मार्शल आर्ट) को बढ़ावा देने और विकसित करने के प्रयास में, स्काय मार्शल आर्ट फेडरेशन इंडिया के नेतृत्व में , गोवा स्काय एसोएशन द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार को आयोजीत किया गया है। , यह राष्ट्रीय सेमिनार दिंनाक 12 से 16 मई तक मनोहर पार्रिकर इंडोर स्टेडियम मडगांव गोवा में आयोजीत होने जा रहा है। उक्त राष्ट्रीय स्तरीय सेमिनार (संगोष्ठी) में मध्यप्रदेश का दल दिंनाक 10 मई को भोपाल से मडगाव के लिये रवाना होगा।

मध्यप्रदेश स्काय एसोसिएशन के इस दल में 20 सदस्यो (निर्णायको) रहेंगे।

स्काय मार्शल आर्ट फेडरेशन (इंडिया) ने इस भारतीय मार्शल आर्ट के उत्थान के लिए अपनी पिछली बैठक के दौरान पहले ही नियमों और विनियमों में संशोधन पर पहले ही अपना निर्णय ले लिया है, और गोवा में फेडरेशन की वार्षिक आम बैठक के दौरान कई और बदलाव होने की उम्मीद है। स्काय मार्शल आर्ट फेडरेशन (इंडिया) का उदेश्य इस खुबसूरत भारतीय कला (स्काय मार्शल आर्ट ) को और अधिक उचाईयों तक ले जाना है।

इस राष्ट्रीय सेमिनार में भाग लेने वाले प्रशिक्षको (निर्णायक) को मध्यप्रदेश स्काय एसोएशन के अध्यक्ष रोहित नायक, सचिव प्रवीणसिंह कुशवाह, राहुलसिंह तोमर, साजीद खान, हरीश टेलर आदि ने सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाए प्रेषित की है।

## सभी नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति को दिया जाएगा पट्टा

मंदसौर ।
मालवा फर्स्ट

मप्र शासन, नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा बताया गया की नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्ति (पट्टाधृति अधिकारों का प्रदान किया जाना) अधिनियम 1984 के अंतर्गत जिले के शहरी क्षेत्रों में शासकीय, स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण की भूमि पर ऐसे भूमिहीन (आवासहीन) नगरीय गरीब व्यक्तियों को जो 31 दिसम्बर 2020 की स्थिति में ऐसी भूमि पर कब्जा रखते हो, पट्टाधृति अधिकार प्राप्त करने की पात्रता होगी । वास्तविक रूप से निवास करने वाले ऐसे आवासहीन व्यक्तियों जिनके पास कोई मकान या भूमि या तो अपने स्वयं के नाम पर या अपने कुटुम्ब के किसी सदस्य के नाम से स्वामित्व में नहीं रखता हो, ऐसे आवासहीन गरीबों को आवासीय भूमि के स्थाई, अस्थाई पट्टे दिये जाने के संबंध में नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन गरीबों का सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध कार्यक्रम के तहत किया जाना है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंदसौर शहर, मल्हारगढ़, सीतामऊ एवं गरोठ अपने क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत नगरीय निकाय में सर्वेक्षण कार्य सम्पन्न कराने के लिए पूर्णरूपेण उत्तरदायी रहेगे तथा सर्वेक्षण दल गठित कर शासन द्वारा निर्धारित समयबद्ध कार्यक्रम अनुसार सर्वेक्षण तथा पटटा वितरण की कार्यवाही सम्पादित करावेंगे।

## मंडी भाव मंदसौर 09.05.2023

| स.क्र. | फसल | न्यूनतम दर | उच्चतम दर |
|---|---|---|---|
| 1 | गेहूं | 1900 | 2339 |
| 2 | लहसुन | 1100 | 12000 |
| 3 | सोयाबीन | 3660 | 5438 |
| 4 | अलसी | 3500 | 4580 |
| 5 | प्याज | 52 | 852 |
| 6 | सरसों | 4000 | 4991 |
| 7 | चना | 4261 | 9000 |
| 8 | धनिया | 4800 | 6300 |
| 9 | कलौंजी | 13000 | 17125 |
| 10 | मेथीदाना | 5400 | 5784 |
| 11 | कलोंजी | 12201 | 16800 |

## छोटीसादड़ी मण्डी भाव 09.05.2023

| स.क्र. | फसल | न्यूनतम दर | उच्चतम दर |
|---|---|---|---|
| 1. | गेंहु | 2000 | 2670, |
| 2. | मक्का | 1750 | 1775, |
| 3. | जौ | 1750 | 1890, |
| 4. | सोयाबिन | 4730 | 5340, |
| 5. | सरसो | 4630 | 4791, |
| 6. | चना | 4200 | 4790, |
| 7. | मैथी | 5450 | 6200, |
| 8. | अलसी | 4100 | 4311, |
| 9. | धनिया | 5100 | 5450, |
| 10. | अजवाईन | 14200, | |
| 11. | लहसुन | 1200 | 11800, |

## मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान का दूसरा चरण 10 मई से होगा प्रारंभ कलेक्टर
## नागरिकों को मिलेगा 15 विभागों की 67 सेवाओं का लाभ प्रेस वार्ता के माध्यम से कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी

मंदसौर ।
मालवा फर्स्ट

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के दूसरे चरण के संबंध में आवश्यक जानकारियां प्रेस वार्ता के माध्यम से मीडिया को उपलब्ध कराई। अभियान के संबंध में मीडिया के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब भी दिया। उन्होंने कहा कि शासकीय विभागों से आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं और उनकी समस्याओं के शत-प्रतिशत निराकरण के लिए जिले में 10 से 25 मई तक मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान का दूसरा चरण चलाया जायेगा। मुख्य रूप से अभियान के 2 प्रमुख घटक होंगे। प्रथम घटक में ऐसे सभी विभागों, जो नागरिक सेवाओं से संबंधित हैं, के कार्यालयों में लंबित आवेदनों का यथा-संभव शत-प्रतिशत निराकरण किया जायेगा। साथ ही सीएम हेल्प लाइन में लंबित शिकायतों का निराकरण होगा। दूसरे घटक में सीएम हेल्पलाइन में 15 अप्रैल तक दर्ज और वर्तमान में लंबित शिकायतों का शत-प्रतिशत निराकरण किया जायेगा। निराकरण की सूचना संबंधित शिकायतकर्ता को भी अनिवार्य रूप से दी जायेगी।

विभाग एवं सेवाएँ-

राजस्व विभाग की सेवाएँ - चालू खसरा/खतौनी और चालू नक्शा की प्रतिलिपियों का प्रदाय, अविवादित नामांतरण और अविवादित बँटवारा करना।

सामान्य प्रशासन विभाग की सेवाएँ - अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिये जाति प्रमाण-पत्र प्रदाय। विमुक्त, घुमक्कड़ समुदाय के लिये जाति प्रमाण-पत्र प्रदाय। जाति प्रमाण-पत्र में जन्म-तिथि, आधार, समग्र नंबर में सुधार और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के अभ्यर्थियों को आय एवं संपत्ति प्रमाण-पत्र जारी करना।

नगरीय विकास एवं आवास विभाग की सेवाएँ - जहाँ तकनीकी रूप से साध्य हो वहाँ नवीन कनेक्शन के लिए मांग-पत्र का प्रदाय करना। मांग-पत्र अनुसार राशि जमा करने पर नवीन नल कनेक्शन देना। नगरीय क्षेत्रों के हेण्डपंप एवं ट्यूबवेल का सुधार, भवन अनुज्ञा प्रमाण-पत्र, फायर एनओसी (1) अस्थाई (2) नवीनीकरण, ट्रेड लाइसेंस और विकास अनुज्ञा की समय-सीमा का विस्तार। अविवादित संपत्ति का नामांतरण (मृत्यु प्रकरण)। अविवादित संपत्ति का हस्तांतरण क्रेता-विक्रेता के मध्य आपसी विक्रय विलेख के बाद। भवन निर्माण (आवासीय) के लिये स्वीकृति आदेश जारी करना। नो डयूज प्रमाण-पत्र जारी करना। जहाँ तकनीकी रूप से साध्य हो वहाँ नवीन सीवर कनेक्शन दिया जाना और भवन अनुज्ञा का कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की सेवाएँ - ग्रामीण क्षेत्रों में भवन निर्माण के लिये अनुज्ञा-पत्र जारी करना।

योजना, आर्थिक एवं ग्रामीण विकास विभाग की सेवाएँ - जन्म के एक वर्ष के बाद पंजीयन के लिए अनुमति, मृत्यु के एक वर्ष के बाद पंजीयन के लिए अनुमति।



जन्म प्रमाण-पत्र। मृत्यु प्रमाण-पत्र। विवाह पंजीयन और जन्म प्रमाण में बच्चे का नाम जुड़वाना।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की सेवाएँ - निश्शक्तता प्रमाण-पत्र दिया जाना। आवेदक की आयु का चिकित्सीय सत्यापन और मुख्यमंत्री बाल हृदय उपचार योजना के प्रकरण स्वीकृत करना।

ऊर्जा विभाग की सेवाएँ - शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निम्न दाब के व्यक्तिगत स्थाई नवीन कनेक्शन के लिए मांग-पत्र प्रदान करना, जहाँ ऐसा कनेक्शन वर्तमान नेटवर्क से संभव है। मांग-पत्र अनुसार राशि जमा करने के बाद वर्तमान नेटवर्क में निम्न दाब स्थाई नवीन कनेक्शन देना। मीटर, सर्विस लाइन अथवा मीटर की परिसर में ही शिफ्टिंग के लिए मांग-पत्र जारी करना और उसके अनुसार राशि जमा करने के बाद मीटर, सर्विस लाइन अथवा मीटर की परिसर में ही शिफ्टिंग करना।

श्रम विभाग की सेवाएँ - प्रसूति सहायता योजना, विवाह सहायता योजना, मृत्यु की दशा में अनुग्रह सहायता योजना का लाभ प्रदान करना।

निर्माण कार्य के दौरान दुर्घटना की स्थिति में अपंगता होने पर सहायता, निर्माण स्थल पर कार्य के दौरान अपंजीकृत श्रमिक की मृत्यु की दशा में अंत्येष्टि एवं अनुग्रह राशि योजना 2014 और राज्य लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफलता पर पुरस्कार योजना का लाभ दिया जाना।

आदिम जाति कल्याण विभाग की सेवाएँ - मप्र अनुसूचित जाति, जनजाति आकस्मिकता योजना नियम 1995 में राहत प्राप्त न होने संबंधी आवेदन-पत्र का समाधान करना।

उच्च शिक्षा विभाग की सेवाएँ - नामांकन, माइग्रेशन प्रमाण-पत्र प्रदान करना। प्रोविजनल उपाधि, डुप्लीकेट अंक-सूची प्रदान करना। अंक-सूची में सुधार, नाम, उपनाम (सरनेम) सुधार करना। स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (समस्त महाविद्यालय) और चरित्र प्रमाण -पत्र उपलब्ध कराना।

मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सेवाएँ - हम्माल (मंडी कृत्यकारी), तुलावटी (मंडी कृत्यकारी), व्यापारी (मंडी कृत्यकारी), पक्का आढ़तिया (मंडी कृत्यकारी), प्र-संस्करणकर्ता, विनिर्माता (मंडी कृत्यकारी) और फल-सब्जी व्यापारी (मंडी कृत्यकारी) को अनुज्ञप्ति प्रदान करना।

सहकारिता विभाग की सेवाएँ - किसान क्रेडिट कार्ड योजना में किसान साख-पत्र जारी करना और इसी योजना में किसान साख-पत्र का नवीनीकरण करना।

तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग की सेवाएँ - उपाधि प्रमाण-पत्र, डुप्लीकेट उपाधि प्रमाण-पत्र, अंक-सूची, अस्थायी उपाधि प्रमाण-पत्र और माइग्रेशन प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के साथ अंक-सूची एवं अन्य प्रमाण-पत्रों में नाम सुधार करना।

उद्यानिकी विभाग की सेवाएँ - फल-पौधा रोपणी की अनुज्ञप्ति जारी करना एवं उसका नवीनीकरण करना।

परिवहन विभाग की सेवाएँ - लर्निंग लायसेंस, ड्रायविंग लायसेंस और वाहन पंजीयन का नवीनीकरण करना।

## जनसुनवाई में 52 आवेदन आयें

मंदसौर ।
मालवा फर्स्ट

*कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सुशासन भवन सभाकक्ष में ग्रामीण जनों की समस्याएं सुनी प्रति मंगलवार की तरह जिला कलेक्ट्रेट (सुशासन भवन) में साप्ताहिक जनुसनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में जिले भर से आए 52 आवेदकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण करने के अधिकारियों को निर्देश दिये। जनसुनवाई में आवेदकों ने अपनी समस्या, शिकायत, मांग, आर्थिक सहायता संबंधी आवेदन दिये। जनसुनवाई में दौरान वरिष्?ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी आवेदकों से आवेदन पत्र प्राप्त कर उन पर समुचित कार्यवाही के लिये विभाग प्रमुखों की ओर प्रेषित किया। जनसुनवाई में बीपीएल सूची में नाम जुडवाने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास मंजूर करने, निजी भूमि पर अवैध अतिक्रमण, भूमि विवाद, बीमारी सहायता, आपसी विवाद, शिक्षा ऋण दिलाने, सामुदायिक सुविधा घर (कम्युनिटी टायलेट) बनवाने आदि विषयों के आवेदन प्राप्त हुये। जिनके निवारण हेतु संबंधित विभागाधिकारियों को निर्देश दिये।*



जल ही जीवन है
बेटी है तो कल है
नेत्रदान-महादान

## मंडी भाव नीमच 09.05.2023

| स.क्र. | फसल | कुल आवक टन | न्यूनतम दर | उच्चतम दर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गेहूं | 305.95 | 1941 | 2861 |
| 2 | सोयाबीन | 144.24 | 1600 | 5411 |
| 3 | मेथीदाना | 107.12 | 3832 | 6825 |
| 4 | जौ | 65.57 | 1875 | 2080 |
| 5 | लहसुन | 64.52 | 1500 | 12600 |
| 6 | असगंध | 26.45 | 340 | 17500 |
| 7 | इसबगोल | 22.20 | 10700 | 22930 |
| 8 | सरसों | 13.01 | 4246 | 4831 |
| 9 | चना | 9.23 | 4630 | 4754 |
| 10 | मसूर | 5.94 | 5300 | 5476 |
| 11 | आंवला | 4.80 | 4000 | 4000 |
| 12 | कलौंजी | 4.32 | 14500 | 17100 |
| 13 | धनिया | 4.29 | 5060 | 6410 |
| 14 | प्याज | 3.51 | 131 | 868 |
| 15 | चिरायता | 1.20 | 1785 | 1785 |
| 16 | मूंगफली | 0.18 | 6710 | 7750 |
| 17 | नीम | 0.04 | 1400 | 1400 |
| 18 | जीरा | 0.03 | 34200 | 34200 |
| 19 | अलसी | 0.01 | 4391 | 4391 |













Email: nmh.pawan@gmail.com
Contact: 9407423966, 70664886

# मनासा पुलिस को मिली सफलता, मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी के अपराध में 5 हजार का ईनामी आरोपी गिरफ्तार साथ ही तीन गुमशुदा महिला को किया सुरक्षित दस्तयाब

मनासा।
मालवा फर्स्ट

पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के द्वारा अपराधों में फरार आरोपीयों को गिरफ्तारी करने हैतु सभी थाना प्रभारीयों को निर्देषित किया गया था जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एसएस कनेष व एसडीओपी मनासा यशस्वी शिंदे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी मनासा निरीक्षक आरसी दांगी के नेतृत्व में थाना मनासा पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा की तस्करी के अपराध में फरार 5 हजार के ईनामी बदमाष को गिरफ्तार करने में सफलता हासील की है।



संक्षिप्त विवरण–

दिनांक 29.10.2022 को थाना मनासा के अपराध क्रं 537/2022 धारा 8/15,29,25 एनडीपीएस एक्ट में अवैध मादक पदार्थ अफिम 180 किलोग्राम डोडाचुरा जप्त किया गया था। जिसमें आरोपी राजु पिता बद्रीलालनागदा उम्र 30 साल नि. देथल का घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसकी गिरफ्तारी हैतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय नीमच द्वारा 5000 रूपयें की ईनामी उदघोंषणा भी की गयी थी।

दिनांक 08.05.2023 को थाना मनासा के उनि. फतेहसिंह आंजना ने मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी राजु पिता बद्रीलाल नागदा उम्र 30 साल नि. देथल को गिरफ्तार किया गया है। जिसे न्यायालय मनासा मे पेष किया जावेगा।

गिरफ्तार आरोपी–

राजु पिता बद्रीलाल नागदा उम्र 30 साल नि. देथल तीन गुमषुदा महिला को किया सुरक्षित दस्तयाब थाना मनासा पर दिनांक 18.01.2023 को सूचनाकर्ता बादामीबाई पति जयसिंह बंजारा नि. दरगपुरा ने सूचना दिया कि उसकी पुत्री रीना उर्फ रवीना पिता जयसिंह बंजारा उम्र 22 साल नि. दुरगपुरा की बिना बताये घर से कहीं चली गयी है जो गुमइंसान क्रं 11/2023 कायम कर जॉच के दौरान गुमषुदा को दिनांक 08.05.2023 को सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार दिनांक 02.05.2023 को सूचनाकर्ता बालमुकुन्द उर्फ रामलाल पिता नारायण धाकड उम्र 51 साल नि. बरखेडा ने सूचना दिया कि उसकी पुत्री अंजना पिता बालमुकुन्द उर्फ रामलाल धाकड उम्र 23 साल नि. बरखेडा की बिना बताये घर से कहीं चली गयी है जो गुमइंसान क्रं 43/2023 कायम कर जॉच के दौरान गुमषुदा को दिनांक 08.05.2023 को चित्तोडगढ राजस्थान से सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया गया। इसी प्रकार दिनांक 28.04.2023 को सूचनाकर्ता चुन्नीलाल पिता देवा कीर नि. भक्की थाना वायडीनगर जिला मंदसौर ने सूचना दिया कि सम्पतबाई पति स्व पप्पुलाल कीर नि. भुक्की की ग्राम गंगाबावडी शादी में गयी थी जो वापस नही आई। सूचना पर गुमइंसान क्रं 41/2023 कायम कर जॉच के दौरान गुमषुदा को दिनांक 09.05.2023 को सुरक्षित दस्तयाब किया गया।

उक्त सम्पुर्ण कार्यवाही में सराहनीय कार्य– इस सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी मनासा व उनकी टीम उनि. फतेहसिंह आंजना, प्रआर नरेन्द्र नागदा, प्रआर राहुलदेव, प्रआर नवीन तिवारी, प्रआर मंगलेष, आर अनिल धनगर, आर पंकज भलवारा, आर नरेन्द्र जोषी, मआर प्रिया, मआर शेफाली, मआर पुर्णीमा तिवारी, मआर पुजा, सेनिक घनष्याम का विशेष योगदान रहा।

# मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत मनासा क्षेत्र में 8 कलस्टरों में शिविरों का आयोजन

## विधायक श्री मारू की उपस्थिति में आज कंजार्डा में जनसेवा शिविर

नीमच।
मालवा फर्स्ट

मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान के तहत मनासा क्षेत्र के विधायक अनिरूद्ध मारू की अध्यमक्षता में मनासा क्षेत्र के 8 कलस्टरों में जनसेवा शिविर आयोजित किए जा रहे है। इन शिविरों में विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित रहे हितग्राहियों के आवेदन प्राप्ति कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जावेगा। एसडीएम मनासा पवन बारिया ने बताया कि आज 10 मई को कंजार्डा में जनसेवा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में विधायक अनिरूद्ध मारू भी उपस्थित होकर जनसमस्याएं सुनेंगे। इस शिविर में धाकडखेडी खेडली, चौकडी, पलासिया, टामोटी, बखतुनी, रावतपुरा, भेरपुरा, पडदा एवं सुवासरा बुजुर्ग ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों से शिविर का लाभ उठाने का आगृह किया गया है।



मुख्यामंत्री जनसेवा अभियान के तहत 12 मई को आंत्रीबुजुर्ग, 15 मई को तलाऊ, 17 मई को चचोर, 19 मई को कचौली, 21 मई को महागढ, 23 मई को कुण्डालिया एवं 25 मई को मजिरिया कलस्टर में मुख्यमंत्री जनसेवा शिविर आयोजित किए जा रहे है। अधिकाधिक ग्रामीणों से इन शिविरों का लाभ उठाने का आगृह किया है।

# मध्य प्रदेश में एनआइए व एटीएस की संयुक्त कार्रवाई, 11 संदिग्धों को पकड़ा

भोपाल।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) और एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की संयुक्त टीम ने मंगलवार को मप्र में दबिश दी। टीम ने भोपाल और छिंदवाड़ा में छापामार कार्रवाई करते हुए 11 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। भोपाल से छह और छिंदवाड़ा से 05 संदिग्धों को उठाए जाने की सूचना है। भोपाल के ऐशबाग और पिपलानी थानों क्षेत्रों से तीन–तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। सभी आतंकियों को भोपाल जिला अदालत में जज रघुवीर प्रसाद की कोर्ट में पेश किया। एटीएस ने रिमांड मांगी है।

**भोपाल से इन्हें पकड़ा**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक एटीएस ने ऐशबाग क्षेत्र में जवाहर कालोनी से शाहिद उर्फ सलमान अंसारी (30), बाग फरअत अफजा से शाहरुख (30) और बाग उमराव दूल्हा से वसीम (39) को हिरासत में लिया है। शाहिद पेंटिंग का काम करता है। शाहरुख दर्जी है और वसीम डीआइजी बंगले के पास चिंगारी पुनर्वास केंद्र में काम करता है। वहीं पिपलानी से जिम ट्रेनर यासिर, कोचिंग सेंटर चलाने वाले सामी के अलावा एक और आरोपित को टीम ने हिरासत में लिया है। भोपाल से कुल सात लोगों को पकड़ा गया था, जिनमें से एक को छोड़ दिया गया है।



बताया जा रहा है कि यह सभी संदिग्ध एचयूटी (हिज्ब उत तहरीर) नामक कट्टरपंथी इस्लामिक संगठन से जुड़े थे। इनके पास से इलेक्ट्रानिक उपकरण, धार्मिक साहित्य, मोबाइल, लैपटाप आदि उपकरण जब्त किए गए हैं। इस संगठन का मुख्यालय लंदन में है। नोटबंदी के समय में इस संगठन की गतिविधियां बढ़ी थी। हैदराबाद में भी कार्रवाई की सूचना मिली है।

# जिले को गौरांवित करने वाली प्रतिभाओं का कलेक्टर श्री जैन ने किया सम्मान



नीमच।
मालवा फर्स्ट

यूसीमास अबेकस की 18वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता गत दिवस को राऊ इंदौर के एक निजी विद्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें पूरे मध्यप्रदेश के अलग–अलग जिलों से 5 से 13 आयु वर्ग के लगभग 4000 से अधिक प्रतियोगियों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता में बच्चों को 08 मिनिट में गणित के 200 सवालों जिसमें जोड़, घटाना, गुना एवं भाग के जटिल अंक गणित के प्रश्नों को लिखित में हल करने का लक्ष्य दिया गया था।

इस प्रतियोगिता में नीमच की छात्रा आरोही जैन डी–2 ग्रुप में पूरे मध्यप्रदेश से चैंपियन चुनी गई है। ट्राफी विनर छात्र अन्नत जेरिया सेकेन्ड रनर अप चुने गये। इनके अलावा रीयारानी इक्का, संयम सिंघवी एवं तनिष्क अजमेरा ने मेरिट में स्थान बनाया एवं गौरांग शर्मा ने भी पार्टिसिपेट कर नीमच जिले का नाम गौरान्वित किया।

कलेक्टर दिनेश जैन ने मंगलवार को कलेक्टोरेट नीमच में उक्त प्रतिभागी छात्र–छात्राओं से भेंटकर अबेकस के प्रति लगन एवं कड़ी मेहनत से पूरे मध्यप्रदेश में नीमच जिले का नाम गौरांवित करने पर नीमच जिले की प्रतिभाओं का सम्मान करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ बधाई दी।

# शहर के पर्यावरण मित्र ग्राम कनावटी की बहुमूल्य सार्वजनिक मुक्तिधाम की भूमि का विनिमय निरस्त करने हेतु जिला प्रशासन से मांग करेगा

नीमच।
मालवा फर्स्ट

संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के अध्यक्ष किशोर बागड़ी को समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी मिलने पर की संस्था द्वारा वन विभाग ग्राम पंचायत एवं ग्राम वासियों की संयुक्त सहभागिता से ग्राम कनावटी के मुख्य मार्ग मऊ नसीराबाद रोड किनारे सार्वजनिक मुक्तिधाम में वर्ष 2018–19 में सामान्य वानिकी योजना के तहत पौधारोपण का प्रोजेक्ट स्वीकृत कराया गया था जिसके अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन वन विभाग द्वारा राशि स्वीकृत कर पिछले 4 वर्षों से संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच एवं ग्राम पंचायत के माध्यम से निरंतर पौधारोपण कार्यक्रम चल रहा है। मुक्तिधाम में 500 से अधिक पौधारोपण कार्यक्रम समय–समय पर चलाया गया एवं की नियमित देखरेख की जाती रही है और इसी भूमि में शासन के योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा सार्वजनिक पेयजल के कुवे का रिचार्ज हेतु तलैया याद का निर्माण भी किया गया और तलैया के पानी का उपयोग पौधों को पिलाने में भी किया जाता रहा है। इस जमीन जिसमें तलैया दी स्थित है शमशान की भूमि के हिस्से को नीमच निवासी मनोरमा देवी अग्रवाल द्वारा शासन से विनिमय की आड़ में अपने नाम पर करवा कर कब्जा करने और तलैया का कार्य रोका जाने का प्रयास किया गया था जिससे ग्राम वासियों में आक्रोश है।

संस्था को यह भी जानकारी समाचार पत्रों के माध्यम से मिली कि इस जमीन का विवाद उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर में विचाराधीन है। संकल्प संस्था द्वारा वन विभाग के माध्यम से निरंतर अभियान चलाए जा रहे हैं



साप्ताहिक अभियानों में संस्था के सदस्य श्रमदान करते हैं। जिससे मुक्तिधाम में लगे पौधेबड़े होने लगे हैं जो आने वाले समय में पर्यावरण संरक्षण के लिए उपयोगी सिद्ध होगें। संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के संरक्षक अजय भटनागर, नवीन अग्रवाल, राजेंद्र जारोली, ओम प्रकाश अग्रवाल, डॉ यशवंत पाटीदार सहित संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव डॉ राकेश वर्मा, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे सहित अन्य पदाधिकारी गण दुलीचंद कनेरिया, राजकुमार सिन्हा, रितु नागदा, डॉ राजकुमार मालानी, हरीश उपाध्याय, अमृत पाटीदार आदि सदस्य जिला प्रशासन से अनुरोध करता है कि शुद्ध पर्यावरण एवं पर्यावरण की रक्षा के लिए सदैव आगे रहकर कार्य करने वाली सामाजिक संस्था द्वारा वन विभाग एवं ग्राम वासियों के ग्राम पंचायत के निरंतर सहयोग से पौधारोपण हेतु आरक्षित मुक्तिधाम की भूमि के विनिमय को रोकने हेतु न्यायालय में प्रकरण में अपने स्तर शासन पक्ष की और से ठोस कार्रवाई आवश्यक दस्तावेजों के साथ रखने हेतु संबंधित राजस्व एवं ग्राम पंचायत के अधिकारियों को प्रदान करेंगे ताकि मुख्य मार्ग से लगी बहुमूल्य करोड़ों रुपए की सार्वजनिक मुक्तिधाम की भूमि को विनिमय की आड़ में जाने से रोका जा सके। उक्त जानकारी संस्था के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला स्तरीय वेटलैंड संरक्षण समिति के सदस्य जगदीश शर्मा द्वारा प्रेस नोट के माध्यम से जारी की गई।

# नेहरू युवा केन्द्र नीमच द्वारा कैच द रैन अभियान 3.0 के तहत युवाओ को दिलाई जल सरक्षंण की शपथ




नीमच।
मालवा फर्स्ट

नेहरू युवा केन्द्र (युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय भारत सरकार) नीमच जिला युवा अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव के निर्देशन में जिले में कैच द रैन 3.0 अभियान का तृतीय चरण चलाया जा रहा है। कैच द रेन अभियान के तहत स्वास्तिक युवा मण्डल द्वारा युवाओ को वर्षा जल सरक्षंण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में युवा मण्डल अध्यक्ष अजय सेन द्वारा कैच द रेन के पोस्टर द्वारा युवाओ को वर्षा जल संग्रहण की विधिया बताई गई जिसमे प्राचीन जल स्त्रोतो की स्वच्छता, जीर्णोद्वार, सोकपिट, रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा कैच द रेन अभियान 3.0 के तहत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन कर वर्षा जल सरक्षंण के लिए जागरूक किया जा रहा है।




# सैनिक के सम्मान के बिना राष्ट्र का सम्मान अधूरा होता है– भीमाशंकर शास्त्री, श्रीमद् भागवत प्रवाहित

नीमच।
मालवा फर्स्ट

सीमा पर सैनिक जागता है। तब देश का नागरिक चैन की नींद सोता है।सैनिकों के सम्मान बिना राष्ट्र का सम्मान अधूरा रहता है। सर्दी गर्मी बरसात या धूप हो या रेगिस्तान की गर्मी हो देश की सीमा पर राष्ट्र की रक्षा के लिए सजग रहता है। सैनिक का त्याग राष्ट्र सेवा का प्रतीक होता है।यह बात भागवतचार्य पंडित भीमाशंकर शास्त्री ने कही। वे श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव आयोजन समिति के तत्वावधान दिवंगत पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजाराम पाटीदार की चतुर्थ पुण्य स्मृति में गामी परिवार भेरु बावजी देवरा परिसर रामनगर में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा महोत्सव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सैनिक सीमा पर वेतन के लिए नहीं वतन की रक्षा के लिए सेवा देता है। राष्ट्रभक्ति और राम भक्ति दोनों समान होती है। विद्यार्थी कोटा,इंदौर में रात दिन परिश्रम कर पढ़ाई करते हैं तब जाकर उनके जीवन का कैरियर बन पाता है। संसार दु:खों का आलय है। दु:ख की फैक्ट्री संसार में कहीं नहीं है। दु:ख विचारों से आता है। हम अपने विचारों को अच्छे बनाएं। सकारात्मक परमार्थ के कार्य सोचे सुख मिलेगा। दु:ख कभी नहीं मिलेगा। अच्छे कर्मों से सुख मिलता है। बुरे कर्मो से दु:ख मिलता है। संघर्ष से कभी घबराना नहीं चाहिए साहस के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहे सफलता हमारे कदम चूमेगी।रात के बाद सुबह भी आती है। दुख के बाद सुख भी अवश्य आता है। बुरे विचार जहर के समान होते हैं।संसार में हर व्यक्ति दुखी है कोई तन दुखी कोई मन दुखी है कोई धन से दुखी है। संसार दुखों की भट्टी है मनुष्य तप कर सोना कुंदन बनता है। इंसान बहुत स्वार्थी है भगवान ने घोड़ा एक व्यक्ति बैठने के लिए बनाया लेकिन इंसान ने अपने स्वार्थ के लिए तांगा बना कर 12 व्यक्ति को बिठा लिया। इंसान को पशु की उपमा देते हैं। लेकिन पशुओं को कभी इंसान की उपमा नहीं देते हैं। मनुष्य के पास ९९ है। फिर भी वह 1रु के चक्कर में दुखी रहता है।तंत्र–मंत्र का भी अस्तित्व होता है मंत्र यंत्र भी एक विज्ञान है। ईर्षया का भाव छोड़ना चाहिए। तभी जीवन में विकास हो सकता है। सपना ऐसा देखना चाहिए कि होटल पर बैठना छुट जाना चाहिए। युवा वर्ग फेसबुक इंटरनेट व्हाट्सएप में 6–6 घंटे बर्बाद नहीं करें उनके जीवन का विकास नहीं हो सकता है। यह राष्ट्र का नुकसान है। युवा वर्ग विश्व गुरु बनाने में किस प्रकार भूमिका निभा पाएगा। जिस प्रकार सूर्य पृथ्वी पर अपना कर्तव्य निभा रहा है। युवा वर्ग भी विश्व गुरु बनने में भारत में अपनी भूमिका का निर्वहन करें तभी भारत विश्व गुरु बन पाएगा। अनेक जन्मों का पुण्य होता है तब भागवत श्रवण का अवसर मिलता है।मीराबाई का भक्ति चरित्र आदर्श प्रेरणादायक प्रसंग है। बेटी सास–ससुर को माता पिता के समान माने तो घर स्वर्ग बन सकता है। बेटियां माता अनसूया, सावित्री, सीता के चरित्र को जीवन में आत्मसात कर जीवन को सफल बनाए। बेटियां ससुराल में सहनशील बने तो घर स्वर्ग बन सकता है। माता और मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती है। मातृभूमि के प्रति कर्तव्य का पालन करना चाहिए। प्रत्येक जनप्रतिनिधि को गांव विकास के लिए सेवा का संकल्प लेना चाहिए।जनप्रतिनिधि ऐसे विकास कार्य करें कि उन्हें आगामी 50 वर्ष तक याद किया जाए। जनप्रतिनिधि और निष्ठा पूर्वक सेवा कार्य करें नहीं तो परमात्मा की लाठी में आवाज नहीं होती है। मातृभूमि स्वर्ग से भी बढ़कर होती है इसलिए इसका सेवा धर्म सबसे बड़ा होता है। माता पिता का महत्व उनके नहीं रहने के बाद अनुभव होता है।माता–पिता को सदैव चरण स्पर्श करना चाहिए। अपने से बड़ों को प्रणाम करने से पितृदोष में शांति मिलती है। प्रणाम करने से परिणाम बदल जाते हैं माता–पिता बच्चों को गोपालन जैसे कार्य कौशल के संस्कार सिखाएं तभी वे आत्मनिर्भर बन सकते है। युवा वर्ग परिक्रमा पसंद नहीं पराक्रमी बने।

महाराज श्री ने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, वृंदावन,बरसाना ,नंदगांव,मथुरा, गौपालन, गोकुल,रासलीला,मौरकुटी, बृज की होली, मीरा, राम द्वापर युग, पर योग सुख , दुख, यज्ञ, शिव पार्वती द्वारा बाल कृष्ण के दर्शन, ऋषि ,भक्त कथा आदि धार्मिक प्रसंग का वर्तमान परिपेक्ष में महत्व पारित किया। भागवत पौथी पुजन महाआरती में जावद जनपद के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण पाटीदार, गोपाल पाटीदार मुकनपुरा,कवि अभय जैन मोरवन, डिकेन नगर पंचायत अध्यक्ष श्रवण पाटीदार, वरिष्ठ पत्रकार रतनगढ़ एस. पी. व्यास आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम शुभारंभ पर विद्वान पंडितों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ निरंतर किया जा रहा है। आना हो गणराज हरि भागवत सत्संग में भजन संकीर्तन से हुआ। कथा महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ 9 मई मंगलवार भेरुजी के देवरे पर पूजा अर्चना आरती के साथ हुआ। निर्मला देवी धर्मपत्नी स्वर्गीय राजाराम पाटीदार, जोगेश पाटीदार ने बताया कि 10 मई को श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का विश्राम हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर कृष्णाष्टकम स्तुति का सामुहिक वाचन किया गया। विद्वान पंडितों द्वारा मंत्रों का उच्चारण किया। श्रीमद् भागवत हवन यज्ञ में सुशीला प्रेमसुख पाटीदार, सम्पत बाई जानकीलाल पाटीदार ने वेदिक मंत्रो उच्चारण किया। महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन देवीलाल मुच्छरा, अरविंद पाटीदार ने किया।



गिरिराज पर्वत उत्सव छप्पन भोग की झांकी सजाई–

श्रीमद्भागवत के मध्य भागवत आचार्य पंडित श्री शास्त्री ने जब गिरिराज पर्वत पूजन उत्सव व श्री कृष्ण 56 भोग का प्रसंग बताया तो भक्ति पांडाल मे ,जय जय श्री कृष्णा की स्वर लहरीयां बिखरने लगी।










स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक एवं मुद्रक ऐश्वर्य शर्मा के लिए माँ भगवती प्रिन्टर्स बंगला 23, आईडीबीआई बैंक के सामने, नीमच, जिला-नीमच, मध्यप्रदेश से मुदित एवं प्रकाशित। सम्पर्कः 9407423966। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नीमच होगा।